Regd. No. CHD/0093/2015–2017

# Haryana Government Gazette

## EXTRAORDINARY

Published by Authority

© Govt. of Haryana

No.200-2016/Ext.] CHANDIGARH, WEDNESDAY, DECEMBER 7, 2016 (AGRAHAYANA 16, 1938 SAKA)

**हरियाणा सरकार**

शहरी स्थानीय निकाय विभाग

तथा

नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग

**अधिसूचना**

दिनांक 7 दिसम्बर, 2016

**संख्या सी.सी.पी.(एन.सी.आर.).डी.डी.पी./जी.पी./जी.जी.एन.–2031/2016/3297.**— हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994, (1994 का हरियाणा अधिनियम 16), की धारा 346 की उप धारा (5) तथा पंजाब अनुसूचित सड़क तथा नियन्त्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्बन्धन अधिनियम, 1963 (1963 का पंजाब अधिनियम 41), की धारा 5 की उप–धारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हरियाणा के राज्यपाल, इसके द्वारा, हरियाणा राजपत्र (असाधारण) दिनांक 06 अक्टूबर, 2010 में प्रकाशित हरियाणा सरकार, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग, अधिसूचना संख्या– सी.सी.पी.(एन.सी.आर.) एफ.डी.पी./(जी.पी.)/जी.जी.एन./2010/3833, दिनांक 06 अक्टूबर, 2010 द्वारा अधिसूचित ग्वाल पहाड़ी के अन्तिम विकास योजना, 2031 ए.डी. में संशोधन का निम्नलिखित प्रारूप उन सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिए प्रकाशित करते हैं जिनके इससे प्रभावित होने की संभावना है।

इसके द्वारा, नोटिस दिया जाता है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से तीस दिन की अवधि की समाप्ति पर अथवा इसके पश्चात् सरकार, संशोधन प्रारूप पर ऐसे आक्षेपों अथवा सुझावों सहित यदि कोई हो, जो निदेशक, शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा, एस.सी.ओ. संख्या 11–14, सैक्टर 4, पंचकुला, नगर निगम की सीमा के भीतर के क्षेत्र के लिए तथा निदेशक, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग, हरियाणा, एस.सी.ओ. संख्या 71–75 (द्वितीय से तृतीय तल), सैक्टर–17 सी, चण्डीगढ़, नगर निगम की सीमा के बाहर के क्षेत्र के लिए लिखित रूप में किसी व्यक्ति से संशोधन प्रारूप के संबंध में विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति से पूर्व, प्राप्त किये जाएं, पर विचार करेगी।

**संशोधन प्रारूप**

हरियाणा सरकार, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग, अधिसूचना संख्या– सी.सी.पी.(एन.सी.आर)एफ.डी.पी./(जी.पी.)/जी.जी.एन /2010/3833, दिनांक 06 अक्टूबर, 2010 में,–

**I.** अनुबन्ध–क में, 'विभिन्न भूमि उपयोगों का विवरण' शीर्ष में, "1 रिहायशी" उप– शीर्ष " में, द्वितीय पंक्ति में, " यह लघु जनसंख्या वाली सामूहिक आवास सैक्टर के रूप में तथा 250 व्यक्ति प्रति हैक्टेयर जनसंख्या घनत्व के आधार पर विकसित किया जायेगा, जिसमें स्थल पर 25 प्रतिशत से अधिक भूतल आच्छादित क्षेत्र नहीं रखा जायेगा।" शब्दों, अंकों तथा चिह्न के स्थान पर, निम्नलिखित शब्द, अंक तथा चिह्न, प्रतिस्थापित किये जायेंगे, अर्थात्:–

